**श्री सभापतिः** जो लोग एसोसिएट कर रहे हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि इतने सारे लोगों का नाम यहां नोट करना संभव नहीं है। आप अपने नाम की स्लिप भेज दें। उसके बाद वह automatically रिकॉर्ड में भी आ जाएगा।

---

## MATTERS RAISED WITH PERMISSION — *Contd.*

### Rehabilitation of farmers affected by land acquisition for Lara Power Project in Chhattisgarh

**श्रीमती छाया वर्माः** सर, धन्यवाद। छत्तीसगढ़ राज्य में रायगढ़ जिला के अंतर्गत लारा-पुसौर में औद्योगिक इकाई लारा सुपर पावर प्रोजेक्ट-एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही है। इस प्रयोजन हेतु बड़े पैमाने पर किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई है। इस अधिग्रहण के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण कानून का घोर उल्लंघन हो रहा है। किसानों को पुनर्वास नीति 2005 के तहत पुनर्वास की उचित व्यवस्था करने के बजाय राज्य सरकार स्वयं की पुनर्वास की नीति प्रभावितों पर थोप रही है। यही नहीं, स्थापित संयंत्र में किसानों को रोज़गार भी नहीं दिया जा रहा है। किसान दर-दर भटकने के लिए बाध्य हैं। किसानों की जमीन अधिग्रहीत हो जाने पर वे उस जमीन पर कृषि नहीं कर पा रहे हैं। मान्यवर, किसानों का परिवार भुखमरी का शिकार हो रहा है, उसकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। इस क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार के रवैये से किसान आंदोलित हो रहे हैं और उनकी जायज मांगों पर ग़ौर करने की आवश्यकता है। यह मामला वर्ष 2007 से अनवरत चल रहा है। किसान लगातार सरकार की उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। महोदय, आप जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा नक्सलवाद है। किसानों की कहीं भी सुनवाई नहीं हो पा रही है। किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कहीं गलत रास्ता न चुन लें। मेरी मांग है कि लारा-पुसौर औद्योगिक इकाई लारा सुपर पावर प्रोजेक्ट एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा होने वाले संयंत्र में किसानों को उनकी जमीन के ब्याज दर का भुगतान किया जाए और किसानों के बेरोजगार युवओं को इस संयंत्र में रोजगार दिया जाए। धन्यवाद।

SHRI PRATAP KESHARI DEB (Odisha): Sir, I associate myself with the Zero Hour submission made by Shrimati Chhaya Verma.

SHRIMATI JHARNA DAS BAIDYA: Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by Shrimati Chhaya Verma.

SHRI ANUBHAV MOHANTY (Odisha): Sir, I also associate myself with the Zero Hour submission made by Shrimati Chhaya Verma.

**श्री सभापतिः** मित्रों, आज हम 16 Zero Hour Submissions और 10 Special Mentions पूरे कर पाए, हम उस हिसाब से पूरा टाइम एडजस्ट कर रहे हैं। आगे आप लोगों के सहयोग और ज्यादा लोगों को अपना वक्तव्य देने के लिए, जो डेरेक जी ने बताया, मैं उस पर अध्ययन कर रहा हूं। अध्ययन करने के बाद उसका क्या करना है, वह देखेंगे।